# सिंचाई निरीक्षक उड़ा रहा नशामुक्ति अभियान की धज्जियां

जल संसाधन विभाग के नशेड़ी सिंचाई निरीक्षक से परेशान कर्मचारी ने कलेक्टर से लगाई जीवन रक्षा की गुहार



**सिवनी नवभारत। केवलारी जल संसाधन विभाग तिलवारा बाई तट नहर संभाग कार्यालय में पदस्थ सिंचाई निरीक्षक अयोध्या सिंह मरावी पर अब तक कोई कार्यवाही न होने से उसके द्वारा धूम्रपान कार्यालय तथा कार्यालय परिसर के साथ-साथ अब विभाग की कॉलोनी में भी किया जा रहा है जिसकी शिकायत वहां के कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा पिछले दो माह से निरंतर की जा रही हैं विभाग के द्वारा अब तक इस पर कोई कार्यवाही न होने से वहां पदस्थ कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर इसकी जांच डॉक्टरों के एक मेडिकल बोर्ड से करने तथा इस पर कार्यवाही की मांग की है।**

मध्य प्रदेश शासन जहां एक और नशा मुक्त बनाने जन-जन तक में यह अभियान चला रहा है वहीं शासकीय कार्यालय में खुलेआम धूम्रपान करता हुआ यह सिंचाई निरीक्षक जिला कलेक्टर तथा विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है

### कृत्य को छुपाने पंचनामा बनाने की तैयारी

सिंचाई निरीक्षक जहां एक और पीड़ित शिकायतकर्ताओं सामान्य वर्ग के कर्मचारियों पर दबाव बनाने स्वयं पत्राचार कर अपनी कृत्य पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहा है वही दूसरी ओर विभाग के एक अनुसूचित जनजाति के उप यंत्री भरत उईके जिसका मुख्यालय कन्हीवाडा में है उसके हस्तलिखित बाकायदा सिंचाई निरीक्षक के पक्ष में पंचनामा भी लिखा गया उस पंचनामा पर भरत उईके उपयंत्री एवं कर्यपालन यंत्री प्रेम नारायण नाग द्वारा जबरन हस्ताक्षर करने का दबाव भी बनाया जा रहा है।

### सामान्य वर्ग के कर्मचारियों पर दबाव बनाने कर दी शिकायत

नशेड़ी सिंचाई निरीक्षक खुलेआम कार्यालय में घूम-घूम धूम्रपान करता है इसके ठोस साक्ष्य के आधार पर लिखित शिकायत वहां पदस्थ कर्मचारी कमल तिवारी रवि सोनी, राहुल ठाकुर, सनी, जय सिंह बघेल, आदि दर्जन भर कर्मचारियों ने की थी परंतु सिंचाई निरीक्षक ने विभाग को पत्र लिखकर इन सब की शिकायत को फर्जी बताते हुए इन सामान्य वर्ग के शिकायतकर्ताओं को ही कदाचरण का दोषी बताते हुए इन पर कार्यवाही की मांग की सिंचाई निरीक्षक ने विभाग को लिखे पत्र प्रतिलिपि अखबार के कार्यालय को भी प्रेषित की है।

### नशे का अड्डा न बन जाये शासकीय परिसर, कार्यवाही की मांग

केवलारी स्थित जल संसाधन विभाग के कार्यालय एवं कार्यालय परिसर जिस प्रकार से सिंचाई निरीक्षक के धूम्रपान का अड्डा बना हुआ है कॉलोनी निवासी कर्मचारी भयभीत है कि कि इस नशेड़ी सिंचाई निरीक्षक के गांजा बीड़ी की लत कहीं हमारे छोटे-छोटे बच्चों पर न पड़ जाए कर्मचारी, क्षेत्रीय जन एवं जनप्रतिनिधियों ने तत्काल कलेक्टर से मांग की है कि यदि समय रहते इस सिंचाई निरीक्षक पर कार्य कार्यवाही नहीं की गई तो समूचा केवलारी नगर गांजा का अड्डा बन जाएगा।



# ठेकेदारों पर कलाकारों ने लगाया शोषण का आरोप

भारतीय कलाकार संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सिवनी नवभारत।** भारतीय कलाकार संघ ने ठेकेदारों द्वारा स्थानीय कलाकारों के शोषण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। संघ का आरोप है कि शिलान्यास, भूमिपूजन एवं लोकार्पण जैसे शासकीय आयोजनों में पारंपरिक कलाकारों के कार्य ठेकेदारों द्वारा छीने जा रहे हैं, जिससे पेंटर, मूर्तिकार, शिल्पकार एवं अन्य पंचविविध कलाकारों के सामने रोज़गार का संकट खड़ा हो गया है।

ज्ञापन में बताया गया कि सरकारी भवनों, स्कूलों, पंचायत एवं नगर पालिका कार्यालयों में होने वाले पेंटिंग, दीवार लेखन, चित्रकारी एवं राइटिंग बोर्ड जैसे कार्य पहले स्थानीय पेंटरों द्वारा किए जाते थे, जो उनकी आजीविका का प्रमुख साधन थे। लेकिन वर्तमान में इन कार्यों में ग्रेनाइट, मार्बल पत्थरों पर प्रिंटेड सामग्री, फ्लेक्स, विनाइल शीट और रेडियम चिपकाने का चलन बढ़ गया है, जिससे हाथ से काम करने वाले कलाकारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

भारतीय कलाकार संघ ने मांग की है कि जिले के सभी शासकीय ग्राम पंचायत, नगर पालिका एवं अन्य शासकीय कार्यालयों के पेंटिंग एवं सजावट संबंधी कार्य स्थानीय कलाकारों से ही कराए जाएं। इससे न केवल पारंपरिक कला को संरक्षण मिलेगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों और उनके परिवारों का भरणङ्कपोषण भी सुनिश्चित हो सकेगा।

संघ ने कलेक्टर से अपील की है कि सभी शासकीय कार्यों में कलाकार वर्ग को प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें और उनकी कला जीवित रह सके। इस अवसर पर भारतीय कलाकार संघ सिवनी के उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ठाकुर, सलाहकार शरद नामदेव एवं राजकुमार पटेल सहित अन्य कलाकार उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला कार्यकारिणी घोषित



सिवनी। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सिवनी जिला इकाई की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के मार्गदर्शन एवं संभागीय अध्यक्ष मनीष जैन की सहमति से प्रदेश महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा की गई। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार कृष्ण नंदन श्रीवास्त्री, संवाददाता दैनिक सांध्य प्रकाश भोपाल को सिवनी जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मनोज मर्दन त्रिवेदी, संपादक दैनिक यशोन्नति को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर श्याम सोनी (दिव्य एक्सप्रेस), संजय उइके (जबलपुर एक्सप्रेस), नरेन्द्र सोनी (नायक दर्पण), सुधीर पाण्डे (नई दुनिया), बिलाल अंसारी (जबलपुर एक्सप्रेस), जितेन्द्र नामदेव (दैनिक दलसागर), आगा खान (जबलपुर एक्सप्रेस) तथा राकेश आत्मपूज्य (सूरमा भोपाली) को दायित्व सौंपा गया है। कन्हैया प्रजापति, संवाददाता दैनिक दलसागर को जिला महासचिव तथा हरिओम सोनी, संवाददाता दैनिक यशोन्नति को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर नरेश यादव (महाकौशल एक्सप्रेस), सुनील बंदेवार (पत्रिका), जुगल किशोर श्रीवास (जनपक्ष), राजेन्द्र डहेरिया (जबलपुर एक्सप्रेस) एवं राजेश जैन 'डाली' (संवादकुंज) को नियुक्त किया गया है। संयुक्त सचिव के रूप में जयकुमार डेहरिया संतोष नामदेव संतोष दुबे, हसीब मोहम्मद, देवराज डेहरिया, द्वारका श्रीवास्तव, सतीष मिश्रा तथा शिवदयाल यादव को शामिल किया गया है।

### एनसीसी ऑफिसर प्रमोशन रैंक सेरेमनी का आयोजन



सिवनी। 24 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन छिंदवाड़ा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल थॉमस ओमेन एवं समस्त बटालियन स्टाफ की उपस्थिति में प्रमोशन एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर रैंक सेरेमनी का आयोजन 5 फरवरी को किया गया। चीफ ऑफिसर श्री अनिल सिंह राजपूत गवर्नमेंट एक्सीलेंस स्कूल सिवनी, सेकंड ऑफिसर धीरेन्द्र सिंह चौहान जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हिवाड़ा, मधुर प्यासी सेकंड ऑफिसर मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी को रैंक लगाकर सम्मानित किया गया। गौरव की बात है कि यह शिक्षक होते हैं जो की बड़ा कठिन प्रशिक्षण ऑल इंडिया ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी कामठी नागपुर में तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर आते हैं उसके पश्चात रिफ्रेशर कोर्स के माध्यम से एक माह का प्रशिक्षण लेकर आने के पश्चात यह प्रमोशन किया जाता है।

# जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतरित होते हैं : पं. मुन्नालाल शास्त्री



**सिवनी नवभारत।** नगर के शिव नगर कॉलोनी ग्राम मरझोर, सिवनी में जारी श्रीमद्भागवत भगवान कथा में गुरुवार को कथा वाचक पं. आचार्य श्री मुन्नालाल शास्त्री ने श्रद्धालुजनों से कहा कि हर मनुष्य को श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। जब अत्याचारी कंस के पापों का बोझ बढ़ गया, तब भगवान श्रीकृष्ण को अवतार लेना पड़ा। इस दौरान कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतरित होते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म द्वापर युग में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में माता देवकी और वासुदेव के घर हुआ था। अत्याचारी कंस के भय से वासुदेव जी ने नवजात शिशु को गोकुल में यशोदा-नंद के घर पहुंचाया था। भगवान विष्णु ने पृथ्वी से पाप मिटाने और धर्म की पुनर्स्थापना के लिए यह अवतार लिया था। कथा आयोजक खड़ाकचंद कश्यप (सनोडिया) ने बताया की शुक्रवार को भगवान कृष्ण बाललीला एवं गिरिराज पूजन कथा बताई जाएगी। 7 फरवरी, दिन-शनिवार-महारास दर्शन, कंशवध, उद्धव संवाद, रुकमणि विवाह, 8 फरवरी, सुदामा चरित्र, कथा विश्राम, 9 फरवरी, दिन-सोमवार को महाप्रसाद भंडारा के साथ होगा।

# सखी सहेली अभियान से 275 से अधिक बालिकाएं हुईं जागरूक





**सिवनी नवभारत। कोहका फाउंडेशन की पहल सखी सहेली के अंतर्गत नेताजी सुभाष गर्ल्स कॉलेज एवं सीएम राइज स्कूल, गोपालगंज में मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 275 से अधिक बालिकाओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता की और मासिक धर्म से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राप्त की।**

यह अभियान वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिल्पा भीवापुरकर आर्या के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में अब तक सिवनी जिले की 8 हजार से अधिक बालिकाओं, विशेष रूप से आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित जानकारी दी जा चुकी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. शिल्पा भीवापुरकर आर्या ने कहा कि आदिवासी अंचलों में मासिक धर्म आज भी सामाजिक वर्जनाओं और भ्रांतियों से जुड़ा विषय है। जानकारी और स्वच्छता साधनों की कमी के कारण कई बालिकाएँ असुरक्षित तरीकों का उपयोग करने को मजबूर होती हैं, जिससे संक्रमण, एनीमिया और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के सही तरीकों की जानकारी देना बालिकाओं के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने यह भी कहा कि किशोरावस्था में दी गई सही और वैज्ञानिक जानकारी बालिकाओं को मासिक धर्म को एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया के रूप में स्वीकार करने में मदद करती है और उन्हें सशक्त बनाती है। सखी सहेली अभियान के अंतर्गत जागरूकता सत्रों के साथ-साथ स्वच्छता उत्पादों का वितरण, परामर्श एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है।

कोहका फाउंडेशन ने समाज के सभी वर्गों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही अधिक से अधिक बालिकाओं तक पहुँच बनाकर उनके जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाया जा सकता है।

# पर्यावरण संरक्षण विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय इको क्लब के पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एपको) भोपाल द्वारा विषय Journey of Green Future 05/02/2026 को क्वीज़ कम्पटीशन का आयोजन प्राचार्य डॉ. रवि शंकर नाग के संरक्षण में किया गया जिसमे प्रथम स्थान महिमा कठोले द्वितीय स्थान अंजलि उइके एवं तृतीय स्थान नेहा डहेरिया ने प्राप्त किया इस कार्यक्रम में डॉ. पवन कुमार वासनिक एनसीसी ऑफिसर ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया और कहा की पर्यावरण हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इसका छरण होने से हमारा जीवन संकट में आ जायेगा इस लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है उन्होंने छात्रों से कहा की अपने आस पड़ोस के लोगो को पर्यावरण संरक्षण प्रति जागरूक करें इकोफ्रेंडली लाइफ जीने के प्रति प्रेरित करें कार्यक्रम में सभी ने मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रणाम पत्र प्रदान किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. वर्षा जैन, डॉ. प्रमोद चतुर्वेदी, डॉ. मनीषा सोनेकर, धनेंद्र गुर्देकर सहित कॉलेज के सभी स्टॉफ का सहयोग रहा

# शिक्षाविद ज्योति राजपूत बनी मप्र वीरांगना की संगठन सचिव



सिवनी नवभारत। अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा के द्वारा सिवनी की ज्योति नरेश सिंह को मध्यप्रदेश वीरांगना का संगठन सचिव मनोनीत किया गया है। 44 वर्षीय ज्योति जी शैक्षणिक कुल 6 विषयों में एम. ए. (अंग्रेजी, सोशियोलॉजी, सायकोलॉजी), एम. एस. सी. (केमिस्ट्री, आई. टी.), एम. सी. ए.8 की विशिष्ट योग्यता रखती हैं द्य वर्तमान में कार्य परिषद सदस्य, राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा, प्रदेश सह संयोजक, अटल स्मृति पर्व, महिला मोर्चा, मध्यप्रदेश, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, सिवनी, पारिस्थितिक टोली सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सिवनी विभाग, कोषाध्यक्ष, ह्यूमन रिसोर्सस फेडरेशन (एन. जी. ओ.), प्राचार्य, गुरुकुल पब्लिक स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल, बरघाट, डायरेक्टर, गुरुकुल वोकेशनल अकेडमी, ब्लॉक संयोजक (शिक्षक प्रकोष्ठ), भारतीय जनता पार्टी, बरघाट, जिला- सिवनी, कार्यकारी सदस्य, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, जिला-सिवनी, टोली प्रमुख, गृह संपर्क अभियान, वार्ड क्र.-02, शताब्दी वर्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बरघाट के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। ज्योति जी पूर्व में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य (2 बार), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और सदस्य, राज्य महिला आयोग नेटवर्क टोली, कटनी, प्रांत छात्रा प्रमुख, महाकौशल प्रांत, एवं जनभागीदारी सदस्य, शासकीय महाविद्यालय, कटनी के पद पर भी कार्य कर चुकी हैं।




# विधानसभा कप : सरपंच इलेवन ने एमजी को 11 रनों से हराया

**उगली नवभारत।** जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत ग्राम अरंडिया में आयोजित विधानसभा कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार, 5 फरवरी को भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट के पहले दिन दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला और खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या मैदान पर उपस्थित रही। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री विश्राम पटेल द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर आयोजक समिति, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने का संदेश दिया। पहले दिन कुल दो मुकाबले खेले गए, जिनमें पहला रोमांचक मैच सरपंच 11 और एमजी 11 टीम के बीच खेला गया। यह मुकाबला 6-6 ओवर का निर्धारित किया गया था। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए सरपंच 11 की टीम ने निर्धारित ओवरों में 72 रन बनाए और एमजी 11 को जीत के लिए 73 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमजी 11 की टीम संघर्ष करती नजर आई, लेकिन सरपंच 11 के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के सामने एमजी 11 लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। परिणामस्वरूप सरपंच 11 ने यह मुकाबला 11 रनों से जीत लिया, जबकि एमजी 11 लक्ष्य से पीछे रहकर हार गई। मैच के दौरान खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया।

# शारदा माता मंदिर गांधी वार्ड में शिव प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा आज





**सिवनी नवभारत।** नगर के गांधी वार्ड स्थित श्री शारदा माता सिद्ध पीठ मंदिर, सूफी नगर में भगवान श्री शिवजी की नवीन प्रतिमा की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह पावन धार्मिक आयोजन दिनांक 4 फरवरी से 6 फरवरी 2026 तक संपन्न होगा। इस शुभ अवसर पर मंदिर समिति द्वारा समस्त वार्डवासियों एवं श्रद्धालु भक्तों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### तीन दिवसीय कार्यक्रम की क्षेत्र में धूम रहेगी

4 फरवरी बुधवार )प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रथम दिन देवी-देवताओं का आवाहन, विधिवत पूजन एवं जलाधिवास किया जाएगा। इस दिन धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होगी। इसके आज (गुरुवार) को नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर समिति सहित नगर मोहल्ले के लोगों द्वारा शोभा यात्रा प्रात: 10 बजे श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर काली चौक होते हुए श्री शारदा माता मंदिर, गांधी वार्ड सूफी नगर पहुंचेगी। इसके पश्चात भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा एवं अभिषेक का पावन अनुष्ठान संपन्न होगा। यह दिन श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण रहेगा।कल 6 फरवरी( शुक्रवार )तृतीय एवं अंतिम दिवस हवन-पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया है।

समस्त धार्मिक क्रियाएं पूजनकर्ता पंडित अजय शास्त्री (भैरोगंज, सिवनी) द्वारा संपन्न कराई जाएंगी। और इस पूरे कार्यक्रम में संपूर्ण कार्यक्रम श्री सार्वजनिक शारदा माता मंदिर समिति, गांधी वार्ड सूफी नगर, जिला सिवनी के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

समिति के लोगों ने अपील की है कि मंदिर समिति ने नगर एवं आसपास के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक एवं पावन अवसर पर सहभागी बनें, भगवान शिव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें और धार्मिक वातावरण को सफल बनाएं।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष बने मनीष



**बरघाट।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय शलभ भदोरिया जी के द्वारा विगत दिनों संभागीय एवं जिला इकाई का गठन किया गया जिसमें छिंदवाड़ा सिवनी बालाघाट को मिलाकर बने संभाग में भाई मनीष जैन को संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त संभागीय अध्यक्ष मनीष जैन की नियुक्ति से जिले में हर्ष व्याप्त है,मनीष जैन के श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष रहते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ ने लगातार सक्रियता के साथ कार्य किया है। अब प्रदेश इकाई के द्वारा उन्हें नई जिम्मेदारी प्रदान करते हुए संभागीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।

**महोत्सव** | श्री द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

# भक्तिमय हुआ छपारा : श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन उमड़ा जनसैलाब





**छपारा नवभारत।** नगर के संजय कॉलोनी स्थित शनि मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान राधा-कृष्ण और शनि देव की असीम अनुकम्पा से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर नजर आ रहा है।

कथा व्यास ने दिव्य प्रसंगों का वर्णन करते हुए बंजारी वाले परम पूज्य पं. श्री नारायण शास्त्री जी महाराज ने अपने मुखारविंद से कथा के तीसरे दिन भगवान के विभिन्न अवतारों और उनकी लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया। महाराज जी ने बताया कि भागवत कथा केवल सुनने की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का मार्ग है। उन्होंने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व को समझाते हुए श्रद्धालुओं को सत्संग से जुड़ने की प्रेरणा दी। पार्थिव शिवलिंग अभिषेक और विशेष आयोजनकथा स्थल पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से पार्थिव शिवलिंग अभिषेक का विशेष आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण महादेव की आराधना कर रहे हैं। दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाली इस संगीतमय कथा में भजनों की धुन पर भक्त झूमते नजर आए। प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग अभिषेक एवं संगीतमय कथा मंदिर प्रांगण में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय युवा और नगरवासी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### सूचना

मैं निकिता कुम्मलवार उम्र 30 वर्ष आत्मज श्री पूरनलाल कुम्मलवार निवासी कबीर वार्ड, डूंडासिवनी सेन्ट्रल स्कूल के पास सिवनी तहसील व जिला सिवनी की स्थायी निवासी हूँ। निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि:- 1. मेरा नाम निकिता कुम्मलवार, जन्मतिथि 07/07/1982 पिता का नाम पूरनलाल कुम्मलवार, विवाह के समय आयु 30 वर्ष निवासी कबीर वार्ड, डूंडासिवनी सेन्ट्रल स्कूल के पास सिवनी तहसील व जिला सिवनी। 2. यह कि मैंने राहुल सहारे, जन्मतिथि 03/04/1988 पिता बीरसिंह सहारे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम दशपुर जिला कांकेर छत्तीसगढ से विवाह हुआ है। 3. यह कि मेरा विवाह बौद्धिक रीति रिवाज से दिनॉक 27.02.2014 को विवाह स्थान नेशनल लॉन सिवनी में सम्पन्न करवाया था।

शपथकर्ता
निकिता सहारे

# आज व कल नहीं आयेंगे नल, पानी संरक्षित रखें

**सिवनी।** मध्यप्रदेश जल निगम के अंतर्गत संचालित बंडोल ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के जल शोधन संयंत्र में आवश्यक रख-रखाव कार्य एवं पंप हाउस के समीप ई.एम.एफ. मीटर की स्थापना/कमीशनिंग का कार्य किया जाना है। इसके चलते जल शोधन संयंत्र को शुक्रवार 06 फरवरी से शनिवार 07 फरवरी तक दो दिनों के लिए बंद रखा जाएगा।

आवश्यकता हैं
दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता हैं, ड्रायव्हर 2, (सैलरी 10 से 20 हजार)
समय : सुबह 10 से रात 8, बजे तक
संपर्क :- नारायणी सेल्स, साई हॉटेल के पीछे, तवकल लेआऊट वाडी नागपुर
70288 80502
86003 82146

एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन जिला सिवनी
आवश्यकता है
इच्छुक मेल फीमेल नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है पता सिवनी रोड समनापुर एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन
संपर्क सूत्र
9752360935
9424657567